**विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित, श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा0 सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-18 का उत्तर।**

| | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| 18 (क) | क्या मुख्यमंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र संख्या-255 बीजेपी यूपी-2022 दिनांक 17.06.2022 तथा अनुस्मारक पत्र संख्या-316 बीजेपी यूपी-2022 दिनांक 09.07.2022 जिलाधिकारी बाराबंकी को तथा पत्र संख्या-315 दिनांक 09.07.2022 अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ0प्र0 को ग्राम-पंचायत भिलवल, तह0, हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी के तत्कालीन हल्का लेखपाल के संबंध में प्रेषित किये गये थे, कब प्राप्त हुए? | जिलाधिकारी बाराबंकी को प्रेषित पत्र संख्या-255 बीजेपी यूपी-2022 दिनांक 17.06.2022 एवं अनुस्मारक पत्र संख्या-316 बीजेपी यूपी-2022 दिनांक 09.07.2022 जिलाधिकारी बाराबंकी को दिनांक 14.07.2022 को तथा अध्यक्ष, राजस्व परिषद, उ0प्र0 को प्रेषित पत्र संख्या-315 दिनांक 09.07.2022 अध्यक्ष राजस्व परिषद को दिनांक 11.07.2022 को प्राप्त हुये हैं। |
| (ख) | उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे? | उक्त पत्र के माध्यम से ग्राम सभा भिलवल विकास खण्ड त्रिवेदीगंज तहसील हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी में तैनात लेखपाल राघवेन्द्र प्रताप सिंह के विरूद्ध भ्रष्टाचार की जांच कर जनहित में स्थानान्तरण किये जाने की अपेक्षा की गयी है। |
| (ग) | क्या सरकार द्वारा लग रहे आरोपों की जांच कराकर कार्यवाही की गयी है? | श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, तत्कालीन क्षेत्रीय लेखपाल के विरूद्ध लगाए गये आरोपों को संज्ञान में लेते हुये उनका स्थानान्तरण जनहित में प्रशासनिक आधार पर कार्यालय उपजिलाधिकारी हैदरगढ़ के पत्र दिनांक 26.07.2022 द्वारा अन्यत्र क्षेत्र में कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त प्रकरण की जांच तहसीलदार हैदरगढ़ से करायी गयी जिसमें क्षेत्रीय लेखपाल पर लगाये गये आरोपों की पुष्टि नहीं हुयी। |
| (घ) | यदि हॉं, तो क्या? | उपर्युक्तानुसार। |
| (ड़) | यदि नहीं, तो क्यों? | प्रश्न नहीं उठता। |

योगी आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री, उ0प्र0।